भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.09.2023

महाप्रबंधक ने किया राजभाषा में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में रेलवे कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री अमरनाथ दुबे के नेतृत्व में दिनांक 16.09.2023 से राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत साहित्यिक रचनाओं, काव्यपाठ, नुक्कड़ नाटक, साहित्यिक प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, राजभाषा शब्दावली अनुवाद, वाक् प्रतियोगिता, प्रारूप एवं टिप्पणी लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।

अधिकारियों के लिए हुए निबंध लेखन प्रतियोगिता में अनिल कुमार श्रीवास्तव पीआरओ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं देवेन्द्र कुमार अवस्थी एडब्लूएम एवं नरोत्तम विश्वकर्मा एडीजीएम ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

18.09.2023 को हुए राजभाषा शब्दावली अनुवाद प्रतियोगिता में शिखा रावत प्रथम रहीं वहीं सौरभ सचान एवं राहुल कुमार ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में सौरभ सचान प्रथम रहे वहीं कु0 शाबरा बेगम एवं शिखा रावत ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

22.09.2023 को हुए प्रारूप एवं टिप्पणी लेखन प्रतियोगिता में शिखा रावत ने प्रथम एवं सौरभ सचान ने द्वितीय तथा अशोक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एवं वाक् प्रतियोगिता में सौरभ सचान ने प्रथम एवं रोहित रंजन ने द्वितीय और अशोक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

26.09.2023 को साहित्यिक प्रश्नोत्तरी में अफसाना बेगम ने प्रथम अशोक कुमार ने द्वितीय तथा विनोद कुमार मौर्या तृतीय स्थान प्राप्त किया।

27.09.2023 को हुए काव्यपाठ, में नरेश कुमार ने प्रथम विवेकानन्द व्यास ने द्वितीय तथा पूनम यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एवं नुक्कड़ नाटक में स्काउट एवं गाइड ग्रुप नं प्रथम तथा विशेश्वर ग्रुप नें द्वितीय तथा पूनम यादव ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं आरेडिका रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने इन प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए श्री संजय निगम एवं श्री एके वर्मा ने निर्णायक मण्डल में अपना सराहनीय योगदान दिया तथा मंच संचालन का कार्य श्री राजेश कुमार राजभाषा अधिकारी एवं श्री आदित्य प्रकाश ने किया।

इस अवसर पर आरेडिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

28/9/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी